डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती

सेन्ट मोन्टफोर्ट स्कूल पटेल नगर भोपाल में कक्षा आठवीं 'ब' के छात्र –छात्राओं द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती स्पेशल असेम्बली के रूप में मनाई गई। छात्र–छात्राओं ने डॉ. अम्बेडकर के जन्म से लेकर अंत तक सम्पूर्ण जीवन का चित्रांकन चार भागों में बाँटी गई एक लघुनाटिका के रूप में किया। छात्रों ने संविधान – निर्माता के रूप में संविधान कार्य– कारिणी समिति के अध्यक्ष की भूमिका में उनके आदर्श स्वरूप का वर्णन किया। विभिन्न बैनरों के द्वारा नाटिका को सफल रूप प्रदान किया।

डॉ. अम्बेडकर देशभक्त थे। वे देश हित के लिए काम करते थे। उनके देशभक्त स्परूप को एक सुन्दर कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। सामान्य ज्ञान के प्रश्नों में गणित विषय के प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने वाले छात्रों को उपहार दिए गए।

अंत में विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी. एलेक्स ने छात्रों के प्रस्तुतीकरण की प्रशंसा की। तथा सभी छात्रों को डॉ. अम्बेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया।